**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वीडियो संदेश को मिला रिकॉर्ड समर्थन, 30 करोड़ से ज्यादा बार देखा गया, युवाओं का जताया आभार।
- पेपर लीक मामले में फास्ट ट्रैक न्यायालय बनाने वाले विधेयक को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव का बड़ा ऐलान– भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में बनेंगे युवाओं के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट।

  और
- प्रदेश के 35 जिलों में आज बारिश का अलर्ट, अगले चार दिन के लिए कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी।

**पीएम युवा– संवाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वीडियो पर मिली प्रतिक्रिया और सुझावों के लिए देश के युवाओं को धन्यवाद दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने युवाओं के जबरदस्त समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। यह वीडियो अब तक तीस करोड़ तीस लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। यह पहले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला वीडियो बन गया है। अपने वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा था कि सरकार पेपर लीक मामलों पर सख्त कार्रवाई के पक्ष में है। उन्होंने बताया कि सरकार ने 22 लाख छात्रों की दोबारा परीक्षा कराई और 19 तारीख को परिणाम भी घोषित कर दिए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि पेपर लीक से जुड़ा विधेयक जल्द संसद में पेश किया जाएगा।

**नड्डा और छात्र मुलाकात**

सरकार आज परीक्षा प्रणाली में सुधार और पेपर लीक रोकने के उपायों को लेकर सीजेपी प्रतिनिधिमंडल के साथ एक और दौर की बातचीत करेगी। इससे पहले कल नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह ने सीजेपी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की थी। श्री नड्डा ने बताया कि बैठक में परीक्षा प्रणाली में सुधार को लेकर सीजेपी की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना गया। उन्होंने बताया कि सीजेपी ने तीन प्रमुख मांगें रखी हैं और पेपर लीक रोकने के लिए कुछ सुधारों के सुझाव भी दिए हैं।

**पीएम मोदी– पेपर लीक**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कल पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी के मामलों के लिए फास्ट ट्रैक न्यायालय बनाने वाले मसौदा विधेयक को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी संसद भवन परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की

अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दी गई। इस विधेयक को अगले सप्ताह संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है।

## फास्ट ट्रैक कोर्ट– मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने युवाओं की शिक्षा और रोजगार से जुड़े मामलों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने की घोषणा की है। यह कोर्ट भोपाल, जबलपुर, इंदौर और ग्वालियर में स्थापित किए जाएंगे। कल पन्ना में डॉ. यादव ने करीब 185 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत प्रदेश के 35 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से 210 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भी अंतरित की।

## सामान्य प्रशासन विभाग– सुखवीर सिंह

सामान्य प्रशासन विभाग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सुखवीर सिंह को नई जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें वर्तमान दायित्वों के साथ आगामी आदेश तक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग और भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के प्रमुख सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके साथ ही उन्हें खाद्य सुरक्षा आयुक्त का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## दतिया विधानसभा उपचुनाव

दतिया विधानसभा उपचुनाव में चुनाव प्रचार अंतिम चरण में पहुंच गया है। भाजपा ने आशुतोष तिवारी, कांग्रेस ने घनश्याम सिंह और आजाद समाज पार्टी ने दामोदर सिंह यादव को मैदान में उतारा है। तीनों प्रत्याशी मतदाताओं तक पहुंचने के लिए जनसंपर्क में जुटे हैं। भाजपा केंद्र और प्रदेश में एक ही दल की सरकार होने को मुद्दा बना रही है, जबकि कांग्रेस महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे उठा रही है।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम श्मन की बातश का 136वां एपिसोड 26 जुलाई को प्रसारित होगा। यह कार्यक्रम हमेशा की तरह सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी, दूरदर्शन और अन्य डिजिटल नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आमतौर पर राष्ट्र निर्माण, युवा शक्ति, नवाचार, खेल और पर्यावरण जैसे विषयों पर बात करते हैं। वे देश के कोने–कोने में समाज सेवा कर रहे गुमनाम नायकों के प्रेरणादायक विचारों को भी देश के सामने रखते हैं।

## सांदीपनि विद्यालय–लोकार्पण

राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में कल प्रभारी मंत्री चैतन्य कुमार कश्यप ने करीब 42 करोड़ रुपये की लागत से बने सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय का लोकार्पण किया। इस विद्यालय में एलकेजी से बारहवीं तक करीब 1300 विद्यार्थी अध्ययन करेंगे। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और सात कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। एक स्व–सहायता समूह को 22 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किया गया।

## ट्विशा शर्मा मौत मामला

भोपाल के चर्चित ट्विशा शर्मा मौत मामले में रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह की जमानत अर्जी पर कल विशेष अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। आज इस पर आदेश सुनाया जाएगा। बचाव पक्ष ने महिला और उम्रदराज होने के आधार पर जमानत की मांग की, जबकि सीबीआई ने इसका कड़ा विरोध किया। सीबीआई ने कहा कि आरोपी जांच को प्रभावित कर सकती हैं।

## एक गुरु–एक वृक्ष अभियान

प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के तहत एक गुरु–एक वृक्ष अभियान चलाया गया। इसके तहत कल प्रदेशभर में चालीस हजार से ज्यादा पौधे लगाए गए। विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं के सम्मान में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। स्कूल शिक्षा विभाग ने गुरु–शिष्य परंपरा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह पखवाड़ा आयोजित किया है। इस दौरान विद्यार्थियों को भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ा जा रहा है।

## कैच द रैन

प्रदेश में कैच द रेन और जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत बड़े पैमाने पर काम चल रहा है। राज्य सरकार इसे जल गंगा संवर्धन अभियान के रूप में आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर 21 जुलाई से 4 अगस्त तक पेयजल का सम्मान और संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में जल अर्पण दिवस और लोक जल उत्सव मनाए जा रहे हैं। भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और इंदौर सहित प्रमुख जिलों के सरकारी भवनों में रूफटॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी लगाए जा रहे हैं।

## क्रिकेट

भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैच की श्रृंखला का दूसरा ट्वेंटी–ट्वेंटी मैच आज हरारे में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे शुरू होगा। भारत ने पहला मैच सात विकेट से

जीतकर श्रृंखला में एक–शून्य की बढ़त बना ली है। पहले मुकाबले में पंद्रह साल के वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ उन्नीस गेंदों में अर्धशतक लगाकर पुरुष टी–20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम उम्र में अर्धशतक बनाने का नया रिकॉर्ड बनाया।

## मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश के 35 जिलों में आज बारिश का अलर्ट है, जबकि 20 जिलों में हल्की बारिश होगी। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में मानसून का मजबूत सिस्टम सक्रिय है, जिससे बीते चार दिनों से भारी बारिश हो रही है। विभाग ने अगले चार दिनों तक कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। अब तक प्रदेश में तेरह इंच बारिश हो चुकी है, जो कुल कोटे का करीब पैंतीस प्रतिशत है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- धार की ऐतिहासिक भोजशाला को लेकर कल शाम राष्ट्रीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया।
- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम–2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर नरसिंहपुर और जनपद पंचायत गोटेगांव में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- झाबुआ पुलिस द्वारा संचालित ष्नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0ष अभियान के अंतर्गत जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- आगरमालवा जिले में एक सौ छह करोड़ रूपये से अधिक की लागत से नवनिर्मित तीन सांदीपनी विद्यालयों सुसनेर, नलखेड़ा और आगरमालवा का लोकार्पण जिले के प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान आज करेंगे।
- अशोकनगर राज्य आनंद संस्थान द्वारा जिले के अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए तनावमुक्त जीवन, बेहतर समन्वय और कार्यक्षमता विकसित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
- डिंडौरी जिला पंचायत सभाकक्ष में कल जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई।
- गुना जिले में अल्प वर्षा की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जलापूर्ति व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया।

———————————